## खबर संक्षेप


मंच से संत महात्मा जी श्री आनंदपुर धाम वाले प्रवचनों की वर्षा करते हुये।

### इंसान को गुरु की शरण में जाना चाहिएः महात्मा

**तरावड़ी।** श्री आनन्दपुर आश्रम माडल टाऊन तरावड़ी में वार्षिक सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संत महात्मा जी श्री आनंदपुर धाम से पधारे। उन्होने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को अपने प्रवचनों मे गुरू की महिमा का बखान करते हुये कहा कि संतों द्वारा ही इंसान की जीवन रूपी नैया भवसागर पार हो सकती है। इंसान को गुरू की शरण जाना चाहिए। ना जाने कब गुरू के आशीर्वाद से जीवन रूपी नैया पार हो जाये। बाई जी ने अपने प्रवचनों मे कहा कि हमारा शरीर विकारों से भरा हुआ है। विकारों को दूर करने के लिये संस्कारों की जरूरत होती है।

### जरूरत मंद कन्याओं का विवाह महोत्सव

**घरौंडा।** सहयोग इंटरनेशनल व भारत विकास परिषद बरसत के तत्वाधान में आयोजित गांव बरसत में 11 वें सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाला राम नंबरदार व गांव जमालपुर के पूर्व सरपंच सोहन राणा ने शिरकत करते हुए नव दंपति को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। शनिवार को गांव बरसत में सहयोग इंटरनेशनल व भारत विकास परिषद की तरफ से 6 जरूरतमंद कन्याओं के हाथ पीले किए गए। गांव की सैनी धर्मशाला में आयोजित विवाह महोत्सव में नव दंपति को आशीर्वाद देने के लिए पूरा गांव मौजूद रहा। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सरपंच सोहन सिंह राणा व संस्था के संरक्षक संजीव वशिष्ट ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं। संस्था की ओर से पूर्व में भी गांव में सफाई अभियान हो या पेड़ पौधे लगाने का कार्यक्रम इसके अलावा टी बी के मरीजों को मुफ्त राशन देने की बात हो या हर वर्ष जरूरतमंद कन्याओं के हाथ पीले करने की बात संस्था द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से बढ़कर समाज सेवा की जाती है।



- इंद्री के 14 वार्डों में कुल मतदाता 13420 मतदाता हैं जिनमें 72.7 प्रतिशत ने अपने मत का प्रयोग किया
- इंद्री नगर पालिका के पिछले चुनाव के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत मतदान कम हुआ

### करनाल में 46.2 प्रतिशत, इन्द्री नगरपालिका में 72.7 प्रतिशत मतदान

# करनाल में नगर निकाय चुनाव कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के साथ सम्पन्न

- नीलोखेड़ी नगरपालिका में 67 .4 प्रतिशत, असंध में प्रधान पद के लिए 33 .2 प्रतिशत और तरावडी के उपचुनाव में 76 .4 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

छिटपुट घटनाओं के बीच रविवार को नगर निकाय चुनाव कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के ई-डेशबोर्ड के अनुसार करनाल नगर निगम में 46.2 प्रतिशत, इन्द्री नगर पालिका में 72.7 प्रतिशत, नीलोखेड़ी नगर पालिका में 67.4 प्रतिशत, असंध में प्रधान पद के लिए 33.2 प्रतिशत और तरावड़ी के वार्ड उपचुनाव में 76.4 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी, इस बीच बुजुर्गों, युवाओं, दिव्यांगजनों और महिलाओं ने पूरे जज्बे और जुनून के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि रविवार को सम्पन्न हुए चुनावों में करनाल नगर निगम, इन्द्री, नीलोखेड़ी नगरपालिका, असंध प्रधान पद और तरावड़ी में उपचुनाव शामिल था। इन चुनावों में जिला में कहीं भी किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। आम जन मतदान के लिए निकलें और लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए करनाल, इन्द्री, असंध, नीलोखेड़ी व तरावड़ी में 317 बूथ बनाए गए थे, इनमें करनाल में 265, इन्द्री में 14, असंध में 22, नीलोखेड़ी में 15 और तरावड़ी में एक बूथ शामिल है। इन सभी जगहों पर 3 लाख 53 हजार 974 मतदाता है। इनमें करनाल में 3 लाख एक हजार 918, असंध में 22 हजार 314, ??????? 13 हजार 424, नीलोखेड़ी में 15 हजार 180 और तरावड़ी में 1138 मतदाता शामिल है।



### जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान केंद्र का निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने किया मतदान नगर निकाय चुनाव में रविवार को रेलवे रोड स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बनाए गए बूथ पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने बूथ पर मतदान के लिए आए हुए लोगों से भी बातचीत की और कहा कि सभी को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए और सभी को मतदान करना चाहिए।




### मतदान केंद्रों पर दिनभर डटे रहे अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह और पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने रविवार का नगर निकाय चुनाव के मतदान के दिन मतदान केंद्रों को निरीक्षण किया। उन्होंने रविवार को बांसों गेट, सेक्टर-6, फूसगढ़ रोड सहित कई जगहों पर बनाएं मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने नीलोखेड़ी, तरावड़ी, इन्द्री और असंध में भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत करते हुए पूछा की आपको कोई समस्या तो नहीं आ रही। यहां पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से कहा कि मतदाताओं को मतदान से सम्बन्धित किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।






# नगर पालिका इंद्री का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न

- इंद्री मे 72 .7 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

नगर पालिका इंद्री का चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान करवाले वाली पोलिंग पार्टियां सुबह 7 बजे ही मतदान करवाने तैयारी में लग गई और इंद्री मे 8 बजे मतदान शुरू हो गया । मतदान शुरू होते ही मतदाताओं में काफी जोश दिखाई दिया और बूथों पर भीड़ लग गई लेकिन उसके बाद मतदान धीमी गति से चला जिस कारण कस्बे में केवल 72.7 प्रतिशत ही मतदान हो सका। गौरतलब है कि इंद्री में पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर हो रहा है जिस कारण सभी वार्डों में बने बूथों पर वोटिंग हुई जबकि इंद्री नगर पालिका के तीन वार्डों मे वार्ड नंबर 2, वार्ड 4 व 14 के नगर पार्षद पहले ही निर्विरोध बन चुके हैं । इसलिए नगर पार्षद के लिए 11 वार्डों में ही चुनाव हुआ । इंद्री के 14 वार्डों में कुल मतदाता 13420 मतदाता हैं जिनमें 72.7 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया । इंद्री नगर पालिका के पिछले चुनाव के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत मतदान कम हुआ । इंद्री नगर पालिका का पिछला चुनाव 13 मई 2018 को हुआ था उस समय इंद्री मे 13 वार्ड थे और इंद्री के मतदाताओं ने करीब 83 प्रतिशत मतदान किया था लेकिन अबकी बार इंद्री मतदाताओं ने 72.7 प्रतिशत ही मतदान किया है जोकि पिछले चुनाव के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत कम है ।



इंद्री मे बूथ न 13 मे मतदान करके आते विधायक रामकुमार कश्यप

### विधायक खुद मौजूद रहे इंद्री के कई बूथों पर

इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप इंद्री के कई बूथों पर मौजूद रहे और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हो सके । इस दौरान विधायक ने बुथ पर बैठकर स्लिप भी बनवाई।



## वापस लिए गए तीन कृषि कानून के प्रावधानों को नए रूप में लागू करने की कोशिश कर रही है प्रदेश सरकारः रतनमान


करनाल। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रतनमान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्थानीय दीनबंधू सर छोटू राम किसान भवन में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान सहित जिले भर के सभी बलॉकों से पदाधिकारियों सहित सैकड़ो की संखया में किसानों ने भाग लिया। किसान पंचायत की अध्यक्षता सरदार सुरेंद्र सिंह घुमन संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र बैनीवाल ने किया। किसान पंचायत में आगामी आंदोलन की नीति बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से वापिस लिए गए तीन कृषि कानून के प्रावधानों को नए रूप में लागू करने की कोशिश कर रही है। कृषि विपणन बाजार नीति किसानों, आढ़तियों और संबंधित सभी वर्गों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस नीति को वापस नहीं लेती है, तो आने वाली 11 मार्च को विरोध प्रर्दशन करने के उपरांत संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदेशभर के उपायुक्तों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान,चेयरमैन साहब सिंह बाजवा, निसिंग लाक प्रधान जोगिंद्र बसतली, इंद्री खंड प्रधान दिलावर डबकौली, कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना आदि रहे।

**पक्षी संरक्षण** | स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया निरीक्षण

# जैन स्थानक की अनोखी पहल, करनाल में बनाया बहुमंजिला पक्षी नीड़म

वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र आज इस पक्षी नीड़म का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज भी आसमान में उड़ते पक्षियों को आजादी का प्रतीक व उसके पंखों को सपनों की उड़ान कहा जाता है। धरती की रौनक भी पक्षियों से ही ज्यादा है, लेकिन आज वनों की कमी, तालाबों, नहरों में प्रदूषित पानी, असुरक्षा का माहौल तथा प्रदूषण व फसलों पर जहरीले रसायनों का अत्यधिक प्रयोग पक्षियों के लिए भी खतरा बने हैं। ऐसे में पक्षियों के संरक्षण एवं भरण पोषण के लक्ष्य के साथ करनाल के इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन स्थानक द्वारा हजारों पक्षियों के लिए एक अनूठे आशियाने का निर्माण किया गया है। इसे पक्षी नीड़म का नाम दिया गया है जिसमे दो टॉवर है। इसमें 3000 से अधिक पक्षी रह सकते हैं। जैन संत पीयूष मुनि जी की प्रेरणा से इसका निर्माण किया गया है। 6 मंजिल की ऊंचाई के इस बहुमंजिलें पक्षी विहार के नीचे ही पक्षियों के लिए दाने व पानी की व्यवस्था भी की गई है।



- इसे पक्षी नीड़म का नाम दिया गया है जिसमे दो टॉवर है। इसमें 3000 से अधिक पक्षी रह सकते हैं।
- 6 मंजिल की ऊंचाई के इस बहुमंजिलें पक्षी विहार के नीचे

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र आज इस पक्षी नीड़म का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने जैन मुनि पीयूष जी महाराज से इसकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने इसे मानवता का उत्तम उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण भगवान महावीर की शिक्षाओं के अनुरूप है। वृक्षों की कमी और जहरीले रसायनों के प्रयोग के कारण अब पक्षी पेड़ों पर खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते। इस पक्षी विहार में बीमार व नवजात पक्षी भी आराम से सुरक्षित रह सकेंगे। उनके लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई है। यह टावर पक्षियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। इस मौके पर सुभाष चंद्र ने लोगों से आग्रह किया गया कि वे पक्षियों के प्रति सद्भावना के साथ समर्पित हों। जैन मुनि पीयूष जी महाराज ने कहा कि पक्षी नीड़म स्थल पर दो टावरों का निर्माण किया गया है जिसमें हजारों पक्षी एक साथ सुरक्षित रह सकते हैं। जैन मत के अनुसार सभी जीवों को आजादी से रहने और अपना जीवन जीने का अधिकार है। किसी जीव को हमारे कारण पीड़ा न पहुंचे यही प्रयास रहता है। इसी कड़ी में जल्द ही श्री आत्म मनोहर जैन स्थानक परिसर में बेसहारा और लाचार जीवों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त एक अस्पताल का निर्माण किया जाएगा जिसमें किसी भी तरह के घायल जीव जंतुओं को न केवल इलाज मिलेगा बल्कि उन्हें आश्रय भी मिलेगा। इस अस्पताल में अनुभवी पशु चिकित्सक होगा जो घायल जीव जंतुओं का इलाज करेंगा। जैन संत ने सभी लोगों से जीव जंतुओं पर दया करने और उन्हें पीड़ा ना पहुंचाने की अपील भी की। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता अशोक कुरलन, संजय कुमार व कैलाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे

### श्याम फाल्गुण महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**करनाल।** श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी में श्याम बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। महोत्स्व का आयोजन 10 मार्च तक चलेगा। संकीर्तन का समय शाम छह बजे से रात्रि 10.30 बजे तक रखा गया है। करनाल और हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से भजन गायकों को फाल्गुण महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। लगभग 45 गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करें। मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया है। पहले दिन रेखा सुरभी, युवी चौपड़ा व हेमंत ललित ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान भजनों के माध्यम से किया। भजन गायकों ने तेरा साथ है तो मुझको क्या फिकर है..., काम तो श्याम ही आएंगे... तथा आपकी शरण में आकर मशहूर हो गया भजन गाए।

## खबर संक्षेप



पानीपत। इस्कॉन के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए संत व श्रद्धालुगण।

### भगवान के विग्रहों का धूमधाम से किया स्वागत

**पानीपत।** इस्कॉन द्वारा गोशाला मंदिर, जीटी रोड पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में भगवान के विग्रहों के स्वागत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुष्प अभिषेक किया गया और 56 भोग सेवा अर्पित की गई। इस कार्यक्रम के विशेष आकर्षण मोहन गौर चन्द्र प्रभुजी द्वारा प्रस्तुत कथा ने सभी को मोह लिया और उपस्थितजन स्वयं को गोलोक में कृष्ण की लीलाओं का आनंद लेते हुए महसूस करने लगे। वहीं, समारोह में उपस्थित मान्यवरों द्वारा आरती का आयोजन किया गया।

### रोहतक हाईवे पर ट्रक पलटा ट्रैफिक प्रभावित हुआ

**इसराना।** रोहतक हाईवे पर गांव नौल्था के पास चीनी से भरा ट्रक पलट गया। हादस रविवार के तड़के हुआ। पानीपत की तरफ से आ रहे ट्रक को एक कार ने ओवरटेक किया। इस दौरान कार ट्रक के बिल्कुल सामने आ गई। कार को बचाने के प्रयास में ट्रक रेलिंग से टकरा कर रोड के बीच पलट गया। ट्रक ड्राइवर इमरान खान ने कार को बचाने की कोशिश की। लेकिन ट्रक डिवाइडर से टकराकर रेलिंग तोड़ते हुए सड़क के बीच पलट गया। हादसे में चालक व खलासी दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का प्राथमिक उपचार करवाया। वहीं इमरान ने बताया कि वह शनिवार की में मुजफ्फरनगर (यूपी) से चीनी लोड करके राजस्थान जा रहा था। हादसे में हादसे की सूचना मिलते ही थाना इसराना की पुलिस मौके पर पहुंची। पीसीआर ने जांच के बाद जीटी रोड को एकतरफा कर दिया।

### युवक को सरे राह पीटा

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर राज ओवरसीज के सामने दिनदहाड़े रविंद्र कुमार निवासी गांव खलीला प्रहलादपुर जिला पानीपत को बीच सड़क पर लाठी-डंडों से खूब पीटा गया। रविंद्र कोर्ट से पेशी भुगत कर लौट रहा था। रास्ते में उसको ऑटो रिक्शा से नीचे उतार कर युवकों ने हमला कर दिया। राहगीरों ने इसकी वीडियो भी बनाई और आरोपियों से उसको छुड़वाया भी। मौके पर भीड़ बढ़ती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रविंद्र का जहां अस्पताल में उपचार चल रहा है, वहीं उसकी शिकायत पर चांदनीबाग थाना पुलिस ने प्रदीप, कुलदीप व बिल्लू इनके साथियों पर केस दर्ज करवाया था।

### रेडक्रास का ट्रेनिंग कैंप आज

**पानीपत।** रेडक्रास सोसाइटी का तीन से सात मार्च तक यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आर्य पीजी कालेज पानीपत में किया जाएगा। रेड क्रॉस सचिव गौरव राम करण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के उदघाटन समारोह में तीन मार्च को मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.किरण सिंह होंगी।

### नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत तय

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम वार्ड 18 की संजय कॉलोनी में पूर्व पार्षद मनोज शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। इस वार्ड के भाजपा प्रत्याशी एडवोकेट कुलदीप स्वामी ने भी बैठक को संबोधित किया। पूर्व पार्षद एडवोकेट मनोज शर्मा ने दावा किया कि मेयर व पार्षदों पर्दों पर भाजपा की जीत तय है।

### राज योग करें नागरिक

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्तिथ ब्रह्माकुमारीज सेंटर, सद्भावना सोसाइटी, महर्षि दयानंद सोसाइटी, श्री कृष्ण सोसाइटी, हिमालय एंक्लेव, गोकुलधाम एंक्लेव द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था हर पल उत्सव। जिसमें मुख्य अतिथि वार्ड 14 से भाजपा प्रत्याशी अजीत बिट्टू प्रजापति रहे। नागरिकों से तनाव मुक्त होकर हमेशा खुश रहने की अपील की। वहीं राज योग प्रति दिन करने की सलाह दी।

---

### सिवाह गोशाला का धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

# गो सेवा करना हर नागरिक का कर्तव्य : ढांडा

- मंत्री कृष्ण पंवार, महीपाल ढांडा समेत हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि गो सेवा से बढ़ी कोई सेवा नहीं है। सभी लोगों को गो माता की सेवा जरूर करनी चाहिए। गोशालाओं को चलाने में समाज का अहम योगदान है। सरकार गोशालाओं के लिये शैड बनवाने व गोवंश के चारे के लिये पैसे उपलब्ध करवा रही है। सरकार गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गोशालाओं को भी अपनी आय बढाने को लेकर सभी प्रयास करने चाहिए। मंत्री ढांडा रविवार को चौटाला रोड स्थित कर्मयोगी श्री कृष्ण गोशाला के 12वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए गोभक्तों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में पहुंचने पर शिक्षा मंत्री ढांडा, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य सभी अतिथियों का गोशाला के



पानीपत। पानीपत के गांव सिवाह की गोशाला में मंत्रियों का स्वागत करते हुए आर्य रणदीप कादियान। फोटो : हरिभूमि

संस्थापक आर्य रणदीप कादियान सरपंच गांव सिवाह, गोशाला के प्रधान रविंद्र कादियान, उपप्रधान मनोज गोयत, महासचिव राजबीर कादियान, कैशियर प्रवीन शर्मा व सह सचिव सोमदत शर्मा, संदीप कादियान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अनेकों गोभक्तों ने सिवाह गोशाला में सहयोग राशि देकर आर्थिक मदद की। जिसमें सरपंच रणदीप कादियान ने 3.51 लाख रुपये, रविंद्र कादियान प्रधान ने 1.11 लाख, परिवार कादियान ने 1.21 लाख, राजू सिवाह ठेकेदार ने 1.21 लाख, राजेश कादियान ने 1 लाख व हरदीप सिंह ने यूएसए से एक लाख की राशि भेंट की। वहीं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गोरक्षा करना हमारा फर्ज है और सभी लोगों को गोरक्षा करनी चाहिये। उन्होंने उपस्थित लोगों को संकल्प दिलवाया कि सभी लोगों को अपने-अपने घरों में एक गाय तो रखनी ही चाहिये। समारोह का मंच संचालन कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक व राजबीर कादियान ने किया। इस अवसर पर जाट सभा रोहतक के प्रधान गुलाब सिंह, गोशाला महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मलिक, परिवार कादियान, डा. संजय आंतिल, राजू ठेकेदार, राजेश कादियान, राहुल बुडशाम सरपंच, कुलबीर खर्ब, राजरूप पान्नू, रामपाल एसडीओ, हरदीप, मेहताब सिंह, जयदीप उर्फ भोलू नंबरदार व जयकरण कादियान समेत बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

## पानीपत में निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय : ढांडा

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम में भाजपा का चुनाव प्रचार दिन प्रति दिन तेज हो रहा है। वहीं, राम स्वरूप चौक के आर्य बैंकेट हॉल में भी पानीपत नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, वार्ड 26 प्रत्याशी कुसुम भट्ट के अलावा शहर के सभी मंडल अध्यक्षों ने जनसभा को संबोधित किया। इससे पूर्व इन सभी नेताओं ने रीबन काटकर इस वार्ड 26 के नए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की लहर चल रही है जीत सुनिश्चित है। वहीं, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने जहां सभी प्रदेशों में संतुलित शहरी एवं ग्रामीण विकास किया है। वहीं कूटनीति के क्षेत्र ने भी भारत को विश्व पटल पर स्थापित कर दिया है। जो विदेशी शक्तियां भारत को गरीब देश मान कर पूरा सम्मान नहीं देती थी। आज उन सभी शक्तियों की आंखों में आंखे डालकर भारत बात करता है। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुभव और केंद्र सरकार की सूक्ष्म आर्थिक नीतियां जिनके कारण भारत विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने जिस प्रकार शहर की लगभग 78 कालोनियों को नियमित करके उनका तेजी से अभूतपूर्व विकास किया है। सभी कालोनियों में शुद्ध पीने का पानी और नए सीवर डलवाकर जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत बनाया है और वह भी काबिले तारीफ है। अब समय आ गया है कि शहर की जनता भी भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलवाकर भाजपा के मजबूत करे। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने विकास के मामले में अभूतपूर्व विकास करके पानीपत को हरियाणा में पुनः स्थापित कर दिया है आज पानीपत के विकास हरियाणा में ही नहीं पड़ोसी राज्यों में भी होने लगी है इसलिए इन चुनाव में भाजपा की जीत तय है।



पानीपत। भाजपा की चुनावी सभा में उपस्थित शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज संबोधन करते हुए।

### स्वास्थ्य विभाग से एक करोड़ रुपये कीमत की ब्लड कंपोनेंट मशीन मांगी

**पानीपत।** पानीपत सिविल अस्पताल के एक हजार यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक को अपग्रेड किया जा रहा है। यहां ब्लड कंपोनेंट मशीन लाने की तैयारी की जा रही है। कंपोनेंट मशीन व अन्य मशीनों की खरीदारी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यालय में एक करोड़ रुपये का बजट बनाकर भेजा है। इस बजट से अत्याधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी। थैलेसीमिया का वार्ड बनाया जाएगा। मुख्यालय की ओर से जिले के भर के राजकीय अस्पतालों को 20 करोड़ रुपये मिलने हैं। उल्लेखनीय है जून माह तक जिला नागरिक अस्पताल के अपग्रेड होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग ब्लड बैंक को अपग्रेड करने में रिफाइनरी की मदद भी ले रहा है। गौरतलब है कि कंपोनेंट मशीनें डेंगू, बर्न केस, थैलेसीमिया व एड्स के मामलों में लाभकारी होगी। अब मरीजों को ब्लड कंपोनेंट मशीन के लिए पीजीआई व दूसरे जिलों की रोजाना दौड़ लगानी पड़ रही है। वहीं, ब्लड सेपरेटर मशीन खून में शामिल तत्वों को अलग अलग कर देती है। यह मशीन लाल रक्त कणिकाएं (आरबीसी), श्वेत रक्त कणिकाएं (डब्ल्यूबीसी), प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा (एफएफपी) को अलग करती है। पैथालॉजिस्ट डॉ. रजत गुप्ता विशेषज्ञों के अनुसार थैलेसीमिया के मरीजों को आरबीसी, डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स, बर्न के मरीजों को प्लाज्मा व एफएफपी व एड्स के मरीजों को डब्ल्यूबीसी की जरूरत पड़ती है।

- सिविल अस्पताल में ब्लड बैंक को अपग्रेडिंग शुरू

## सृष्टि का आधार है नारी शक्ति : मीना

- ज्ञान मानसरोवर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में महिला सशक्तिकरण विषय को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य अतिथि व श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मतलौडा ब्लॉक समिति की अध्यक्ष मीना रानी रही। जिन्होंने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति समाज का आधार है और जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं तो पूरा समाज सशक्त होता है। वहीं ज्ञान मानसरोवर के निदेशक



पानीपत। ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण ।

राजयोगी बीके भारत भूषण ने मुख्य वक्ता के रूप में बताया कि आत्म चेतना और राजयोग के अभ्यास से महिलाएं आंतरिक शक्ति जाग्रत कर अपने जीवन को ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। बीके बिंदु ने अपनी शुभकामनाएं दीं और राजयोगिनी बीके सरला दीदी ने अपने आशीर्वचनों से सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने आत्म सम्मान को बनाए रखते हुए आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में प्रसिद्ध जादूगर हैरी ने अपने अद्भुत जादूई करतब दिखाए। जिससे उपस्थित दर्शकों को मनोरंजन और प्रेरणा दोनों मिली। मंच संचालन बीके ज्योति ने किया। वहीं कुमारी माही ने स्वागत नृत्य किया।

## नर सेवा दल ने जरूरतमंदों को बांटा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देवलोक वासी स्वामी विशुद्धानंद जी महाराज की प्रेरणा से आज मासिक राशन बांटा गया। राजेंद्र रत्न, ब्रह्मऋषि महाराज व किशोर गोसाईं ने नर सेवा को नारायण सेवा बताया। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम सचदेवा ने कहा कि जनसेवा दल निर्धन सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रह कर सेवा कर रहा है। यह एक प्रेरणादाई संस्था है। समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि जीवन में भक्ति ही सहजरूप से मुक्ति के मार्ग तक पहुंचाती है। महामंत्री चमन गुलाटी ने कहा कि नेत्रदान, बल्ड कैंप, अन्नदान, आंखों के कैंप व वस्त्रदान की सेवाएं ही जन सेवा दल के मुख्य प्रकल्प हैं। वहीं साधनहीन लोगों की सेवा व सहायता कर आशियाना



पानीपत। जन सेवा दल के कार्यक्रम में जरूरतमंदों को राशन बांटते हुए प्रेम सचदेवा आदि।

पानीपत का गौरवमय केंद्र बन चुका है। वहीं प्रधान कृष्ण मनचंदा ने मुख्य अतिथि के स्वागत करते हुए कहा कि वह अपनी नेक कमाई सेवा से पवित्र कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण मनचंदा, महामंत्री चमन गुलाटी, समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा, श्याम लाल खुंगर, ओम प्रकाश सिंधवानी, राजू कथूरिया, प्रेम खुराना, सूरजभान फौजी, यश बांगा, अशोक अरोरा, कपिल ग्रोवर, शशि भूषण, लेखराज जताना, सुभाष एलाहाबादी व कृष्ण ढींगरा आदि उपस्थित थे।



पानीपत। श्री कांशीगिरी मंदिर के शिविर में योग व ध्यान करते हुए नागरिक।

## योग करने से इंसान का शरीर होता है निरोग : भीम

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सनौली रोड स्थित श्री कांशीगिरी मंदिर में योग एवं ध्यान शिविर लगाया गया। जिसमें वीना चुघ व रामपाल शर्मा ने संगत को विभिन्न प्रकार के योगा आसन तथा प्रणायाम की विधियों से अवगत कराया। मिशन के प्रवक्ता भीम डूडेजा ने कहा कि जो व्यक्ति प्रति दिन योग करता है वह कभी बिमार नहीं पड़ता। कहा भी गया है करो योग भगाओ रोग। वहीं योग शिविर का शुभारंभ राम नारायण रावल, डा.जगजीत आहूजा व इन्द्र चुघ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर गिरीश अरोड़ा, नीलम दत्ता, हरीश नागपाल, रमेश ढीगड़ा, देव करण शर्मा, चुन्नी लाल चावला, वंश छाबड़ा, कांता छाबड़ा, राजेश सेठी, जगदीश खुराना, देस राज छाबड़ा, मंजू रावल, भावना सलूजा, कमलेश नंदा, मंजू काजल, डिम्पल व दीपा जुनेजा आदि मौजूद रहे।

### मजोका ने कांग्रेस छोड़ी

**पानीपत।** रविवार को कांग्रेस को उस समय झटका लगा जब एससी मोर्चा के जिला संयोजक मदनलाल मजोका अपने साथियों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। वार्ड नंबर दो की इंदिरा विहार कॉलोनी में मदन लाल मजोका व उनके सर्मथकों को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। वहीं मजोका ने निकाय चुनाव में मेयर व पार्षद पदों पर भाजपा प्रत्याशियों की मदद का वादा किया।

## पानीपत में भारतीय झंडा संहिता का पालन करवाया जाएगा

- कसी अन्य ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा या उससे ऊपर या उसके बगल में नहीं रखा जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से भारतीय झण्डा संहिता 2002, 2021 एवं 2022 में यथासंशोधित तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 में अंर्तविष्ट नियमों के कडाई से पालना के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है।

यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। कोई सार्वजनिक, निजी संगठन या शैक्षणिक संस्थान का सदस्य राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप सभी दिनों और अवसरों पर, औपचारिक या अन्य रूप से, राष्ट्रीय ध्वज फहरा/प्रदर्शित कर सकता है।

जहां ध्वज खुले में या किसी आम आदमी के घर पर फहराया जाता है, वहां इसे दिन-रात फहराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज का आकार आयताकार होगा। ध्वज किसी भी आकार का हो सकता है लेकिन ध्वज की लंबाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 अनुपात 2 होगा। जब भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए, उसे सम्मान की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे स्पष्ट स्थान पर रखा जाना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्त-व्यस्त ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। ध्वज को किसी अन्य ध्वज या झण्डों के साथ एक ही मास्टहेड से नहीं फहराया जाना चाहिए। ध्वज को ध्वज संहिता के भाग 3 की धारा 9 में उल्लेखित गणमान्य व्यक्तियों जैसे राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल आदि के वाहन के अलावा किसी अन्य ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा या उससे ऊपर या उसके बगल में नहीं रखा जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इससे सम्बंधित सूचना राष्ट्रीय सम्मान, अपमान अधिनियम 1971 और भारतीय ध्वज संहिता 2002 गृह मंत्रालय की वैबसाईट डब्ल्यडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएमएचएडॉट जीओवीडॉटइन पर उपलब्ध है।

## होली दहन फाल्गुन पूर्णिमा को होगा

- वसंत ऋतु के स्वागत में रंगों का त्योहार मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा यानी होलिका दहन है। इसके बाद 14 को फाग खेला जाएगा होली खेली जाएगी। इस पर्व की मान्यताएं होलिका- प्रहलाद के साथ ही बसंत ऋतु और नई फसल से भी जुड़ी हैं। वहीं ज्योतिषाचार्य पंडित दाऊ जी महाराज ने बताया कि प्रहलाद और होलिका की मान्यता सबसे ज्यादा प्रचलित है।

प्रहलाद हिरण कश्यप का पुत्र था, वह विष्णु भक्त था। इस बात से हिरण कश्यप बहुत क्रोधित था और प्रहलाद को मार देना चाहता था। उसकी कई कोशिशों के बाद भी हर बार विष्णु कृपा से प्रहलाद बच जाता था। तब हिरण कश्यप की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका को आग में न जलने का वरदान मिला था, लेकिन विष्णु कृपा से प्रहलाद बच गया और होलिका जल गई। ये घटना फाल्गुन पूर्णिमा की मानी जाती है। तब से होलिका दहन का त्योहार मनाया जाने लगा। कामदेव ने प्रकट की वसंत ऋतु उन्होंने बताया कि एक मान्यता ये भी है कि वसंत ऋतु के स्वागत में रंगों का त्योहार मनाया जाता है। कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने के लिए वसंत ऋतु को प्रकट किया था। इसके बाद जब शिव जी का तप भंग हुआ तो उन्होंने कामदेव भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव जी उसे ये वरदान दिया था कि द्वापर युग में कामदेव श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। ये घटना फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि की ही घटना मानी गई है। किसान जलती हुई होली में नई फसल का कुछ भाग अपने इष्टदेव को अर्पित करते हैं और खुशियां मनाते हैं।

### एसडी कॉलेज में आज होगा स्वामी श्री गोविंददेव गिरी जी महाराज का शुभागमन

# सनातन धर्म संस्कार युक्त हो शिक्षा प्रणाली

- हमारे युवा संस्कार युक्त बने और अपने संस्कारों से कदापि भ्रमित न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में परम पूज्य राष्ट्र संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरि का सोमवार को शुभागमन एवं आशीर्वचन होगा जो पानीपत के प्रत्येक निवासी के लिए गर्व और उत्सव का विषय है। यह जानकारी रविवार को एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने प्रेस वार्ता में देते हुए बताया कि महाराजश्री वर्तमान में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा प्रेस वार्ता करते हुए।

कोषाध्यक्ष है। गत वर्ष 22 जनवरी को जब अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था तब देश के करोड़ों लोगों ने इस महान संत के संबोधन को देखा और सुना। महाराजश्री ने ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का उपवास पूर्ण करवाया था। महाराजश्री का दशकों से जीवन सनातन धर्म को अर्पित और समर्पित है और इनके मार्गदर्शन में अनेक संस्थाएं, प्रकल्प और व्यवस्थाएं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में समर्पित है। उन्होंने बताया कि महाराजश्री का सोमवार को कॉलेज प्रांगण में प्रातः 11 बजे शुभागमन है और उनके आगमन का मुख्य ध्येय हमारी शिक्षा को सनातन धर्म युक्त बनाना है। हमारे युवा संस्कार युक्त बने और अपने संस्कारों से कदापि भ्रमित न हो यही सन्देश महाराजश्री वर्तमान के युवा वर्ग में पैदा करना चाहते है। उन्होंने कहा कि युवा आधुनिक शिक्षा अवश्य प्राप्त करे परन्तु वह अपने संस्कारों की जड़ों से जुड़ा रहे यही सन्देश महाराजश्री युवा वर्ग तक पहुंचाना चाहते है। आधुनिक शिक्षा के साथ साथ युवा धर्मानुकुल शिक्षा प्राप्त करे और शिक्षा सनातन धर्म संस्कार युक्त हो यही स्वामी जी की शिक्षा की परिकल्पना है। उन्होंने बताया कि शिक्षा में सनातन धर्म समावेशी हो और आज का युवा संस्कार युक्त आधुनिक शिक्षित बने ऐसे विचार लेकर स्वामी जी कॉलेज प्रांगण में पधार रहे है। उन्होंने बताया कि यहां इस बात का उल्लेख करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है महाराजश्री के आशीर्वचन में अंसल सुशांत सिटी पानीपत में श्री बांके बिहारी मंदिर एवं मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण वेद विद्यालय संचालित है।

## निकाय चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह बांटे

- मेयर पद पर चार व 26 वार्डों में 103 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम में नाम वापस लेने के अंतिम दिन के बाद महापौर (मेयर) पद के लिए 4 तथा 26 वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए 103 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होगे। सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं। वहीं, सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम के 26 वार्डों में कुल 365 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वार्ड वाइज मतदाता सूची के अनुसार कुल 4 लाख 8 हजार 534 मतदाता है जिनमें से 2 लाख 17 हजार 559 पुरुष मतदाता है, 1 लाख 90 हजार 962 महिला मतदाता है तथा 13 अन्य मतदाता है। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

